हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

12 एशियन गेम्स पदक विजेता सविता और राजिंदर का जोरदार स्वागत



12 कांग्रेस ने वोट चोरी को लेकर किया प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला



खबर संक्षेप

जवाहरलाल हॉल में युवा कवि सम्मेलन 11 को

सिरसा। श्री युवक साहित्य सदन सिरसा द्वारा सदन के स्थापना दिवस पर युवा कवि सम्मेलन 11 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। संस्था के सचिव लाज पुष्प ने बताया कि सदन का स्थापना दिवस 14 अक्तूबर को होता है, लेकिन कार्यक्रम के लिए रविवार 11 अक्तूबर का दिन चुना गया है। रविवार को सदन के जवाहरलाल हॉल में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में क्षेत्र की युवा साहित्यिक प्रतिभाओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के संचालन के लिए भी युवा कवि को दायित्व दिया जाएगा।

युवक 1430 नशीली गोलियों सहित काबू

सिरसा। पुलिस ने शहर क्षेत्र से एक युवक को प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पृथ्वी सिंह के रूप में हुई है। पुलिस शहर के वाल्मीकि चौक क्षेत्र में गश्त के दौरान मौजूद थी। इस दौरान सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर अचानक वापस मुड़कर भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1430 नशीली गोलियां बरामद हुई।

विशेष अभियान के तहत पोलिंग बूथों का निरीक्षण

सिरसा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत लंबित नोटिसों के निपटान के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत 7, 8 एवं 9 अक्टूबर को विशेष अभियान दिवस निर्धारित हैं। सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर निर्वाचन संबंधी कार्य कर रहे हैं। अभियान के तहत कालांवाली विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं बीडीपीओ बड़ागुढ़ा भजनलाल, अतिरिक्त निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं नायब तहसीलदार कालांवाली सतीश कुमार तथा अतिरिक्त निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं प्रधानाचार्य कालांवाली विजयपाल, निर्वाचन कानूनगो सुरेंद्र शर्मा ने भी कालांवाली क्षेत्र के विभिन्न बूथों का सघन निरीक्षण किया।

गांव बहबलपुर बस अड्डे के नजदीक पुलिस की दबिश

फतेहाबाद। गांव बहबलपुर बस अड्डे के पास दबिश देकर थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को 18.94 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान मोहित पुत्र शेर सिंह निवासी गांव भोडिया खेड़ा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुमित ने बताया कि पुलिस चौकी हांसपुर के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक आजाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव बहबलपुर क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

जिले में धान की मिलिंग के लिए 150 राइस मिलों ने पंजीकरण करवाया

एजेंसियों और शैलरों में धान की लिफ्टिंग शुरू, फिलहाल अयाल्की में हो रही मिलिंग

- 65 मिलों का फिजिकल वेरिफिकेशन डीएफएससी कार्यालय की ओर से किया जा चुका

सुरेन्द्र असीजा ⏭फतेहाबाद

मंडियों में धान की बढ़ती आवक के बीच खरीद व्यवस्था को लेकर चल रही धीमी प्रक्रिया अब रफ्तार पकड़ने लगी है। खरीद शुरू होने के 8वें दिन मंडियों से धान की लिफ्टिंग शुरू हो गई है। अब तक जिले में धान की मिलिंग के लिए 150 राइस मिलों ने पंजीकरण करवाया है। इनमें से 65 मिलों का फिजिकल वेरिफिकेशन डीएफएससी कार्यालय की ओर से किया जा चुका है। वेरिफिकेशन के बाद 60 राइस मिलों को खरीद एजेंसियां अलॉट कर दी गई हैं। वीरवार से खरीद एजेंसियों और राइस मिलों के बीच एग्रीमेंट की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जिन मिलों का एजेंसी के साथ एग्रीमेंट पूरा हो चुका है, उनमें मंडियों से धान पहुंचाकर मिलिंग शुरू कर दी गई है। फिलहाल गांव अयालकी में राइस मिल पर धान की मिलिंग का काम शुरू हो चुका है।



फतेहाबाद। वीरवार को मंडी से धान की लिफ्टिंग करते मजदूर। *फोटो: हरिभूमि*



फतेहाबाद। वीरवार को मंडी में लगी धान की ढेरियां। *फोटो: हरिभूमि*

पहले खरीद, अब उठान और मिलिंग पर फोकस

धान की सरकारी खरीद शुरू होने के बाद मंडियों में लगातार आवक बढ़ रही थी। इसके मुकाबले उठान की गति धीमी होने से मंडियों में धान का स्टॉक बढ़ता जा रहा था। कई मंडियों में किसान अपनी फसल लेकर पहुंच रहे थे और खरीद के बाद धान के उठान का इंतजार कर रहे थे। अब राइस मिलों को एजेंसी अलॉट होने और एग्रीमेंट प्रक्रिया शुरू होने से उठान में तेजी आने की उम्मीद है। प्रशासन और खरीद एजेंसियों के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती मंडियों में जमा धान का समय पर उठान सुनिश्चित करना है।

150 में से 60 मिलों को एजेंसी अलॉट

मिलिंग प्रक्रिया के लिए जिले में अब तक 150 राइस मिलों का पंजीकरण हुआ है। इनमें से 65 मिलों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया गया, जबकि 60 मिलों को एजेंसी अलॉट कर दी गई है। अब एजेंसी और मिल के बीच एग्रीमेंट होने के बाद संबंधित मिल को धान भेजने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। अयालकी में मिलिंग शुरू होना इस प्रक्रिया में आगे बढ़ने का पहला संकेत माना जा रहा है। अब नजर इस बात पर रहेगी कि शेष पंजीकृत मिलों का वेरिफिकेशन, एजेंसी अलॉटमेंट और एग्रीमेंट कितनी तेजी से पूरा होता है और मंडियों से धान का उठान किस गति से बढ़ता है। अब खरीद के बाद उठान और मिलिंग की रफ्तार ही अहम होगी। सरकारी एजेंसियों के साथ सीएमआर कार्य के लिए कुल 60 राइस मिलें अलॉट की गई है।

धान खरीद ने पकड़ी रफ्तार, उठान ने बढ़ाई चिंता, आवक 47 हजार एमटी, खरीद 9 हजार एमटी, लिफ्टिंग मात्र 282 एमटी

फतेहाबाद। जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक बढ़ने के साथ सरकारी खरीद ने भी रफ्तार पकड़ ली है, लेकिन खरीद के बाद उठान की धीमी गति ने नई चिंता खड़ी कर दी है। जिले की मंडियों में अब तक 46,973 मीट्रिक टन धान पहुंच चुका है। इसमें से सरकारी खरीद एजेंसियां 9,194 एमटी धान खरीद चुकी हैं, लेकिन इसके मुकाबले अब तक महज 282 एमटी धान का ही उठान हुआ है। यानी खरीदे गए धान का करीब 3 प्रतिशत ही मंडियों से बाहर जा पाया है। रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को ही जिले की विभिन्न मंडियों में 11,771.03 एमटी धान की आवक हुई। इसके मुकाबले खरीद एजेंसियों ने एक दिन में 3,472 एमटी धान खरीदा। एक दिन की खरीद में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 1,453 एमटी, हैफेड ने 1,009 एमटी और हरियाणा राज्य भंडारण निगम ने 1,010 एमटी धान की खरीद की।

हजारों टन रोज पहुंच रहा

मंडियों में धान की आवक लगातार बढ़ रही है। एक दिन में ही 11 हजार एमटी से अधिक धान पहुंचने से आने वाले दिनों में मंडियों पर दबाव और बढ़ने की संभावना है। दूसरी ओर सरकारी खरीद के बाद उठान की गति बेहद धीमी बनी हुई है। अब तक खरीदे गए 9,194 एमटी धान में से केवल 282 एमटी का उठान होने से बड़ी मात्रा में खरीदा गया धान अभी मंडियों में ही पड़ा है। यदि आवक की मौजूदा रफ्तार बनी रही और उठान तेज नहीं हुआ तो मंडियों में धान के ढेर बढ़ते जाएंगे। इससे फसल रखने की जगह, आवक व्यवस्था और किसानों को फसल उतारने में परेशानी हो सकती है। आंकड़े बताते हैं कि मंडियों में आवक और खरीद की तुलना में उठान काफी पीछे चल रहा है।

दिल्ली से चार शातिर ठग गिरफ्तार

फतेहाबाद में 20 लाख की साइबर ठगी का पर्दाफाश



फतेहाबाद। साइबर ठगी मामले में गिरफ्तार चारों आरोपी।

फतेहाबाद। बिजनेस पार्टनर की फर्जी ईमेल आईडी बनाकर टोहाना के एक कारोबारी से 20 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक महिला समेत गिरोह के चार आरोपियों को पूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान दिल्ली के पटपड़गंज, खिचड़ीपुर निवासी वरुण पटेल व शहनवाज, कृष्णा नगर दिल्ली निवासी कुसुम पत्नी मोनू कुमार और शास्त्री पार्क, दिल्ली निवासी वसीम खान के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि टोहाना की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी विनय जैन ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनकी सिम्बलवाला रोड, टोहाना में सनमाइका की फैक्ट्री है। वह कच्चे माल की खरीद के लिए अहमदाबाद और मुंबई की एक कंपनी से जुड़े हुए हैं, जिनसे ईमेल के जरिए पेमेंट और माल की सप्लाई की बातचीत होती थी। अगस्त 2026 में ठगों ने कंपनी की ईमेल आईडी से बिल्कुल मिलती-जुलती फर्जी ईमेल आईडी तैयार की और पीड़ित को मैसेज भेजा कि कंपनी का बैंक खाता बदल गया है। फर्जी ईमेल पर विश्वास करके कारोबारी ने दो सितंबर को 10 लाख रुपये और तीन सितंबर को 10 लाख रुपये, यानी कुल 20 लाख रुपये ठगों द्वारा दिए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए।

- फर्जी ईमेल से लगाया था चूना

सीडीएलयू प्रशासन के खिलाफ एबीवीपी का धरना

- री-इवैल्यूएशन फीस वापस ले विवि प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



सिरसा। सीडीएलयू प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठे एबीवीपी सदस्य।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। परिषद पदाधिकारियों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन कुछ मांगों पर सहमति बनी जबकि मुख्य मांगों पर सहमति न बनने पर विद्यार्थियों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। परिषद के प्रदेश सह मंत्री सुनील शास्त्री व विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष मोहित बिश्नोई के नेतृत्व में विद्यार्थी दूसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। परिषद की मांग है कि री-इवैल्यूएशन फीस वापस ली जाए। इस मौके पर प्रांत सह छात्रा प्रमुख दिशा चावला, विभाग छात्र प्रमुख कुमारी ममता, नगर मंत्री कुमारी तनु, नगर मीडिया संयोजक राहुल साहपुनिया, तहसील संयोजक साहिल, शुभम नेहरा, प्रिंस लांबा, निरंजन लांबा, दिपांशु, राजपाल, अमन, गुरप्रीत सिंह, गुरदयाल, रौनक, दीक्षा, गीतिका सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

मंदिर में चोरी की वारदात सुलझी, आरोपी गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने गांव कुत्ताबढ़ स्थित मंदिर में हुई चोरी की वारदात को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए चांदी व नकदी भी बरामद की है। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि गांव कुत्ताबढ़ स्थित मंदिर के पुजारी पालाराम ने पुलिस को शिकायत दी थी जिसमें बताया गया कि 18 सितंबर की रात अज्ञात व्यक्ति मंदिर का ताला तोडक़र अंदर घुसे और वहां से एक चांदी का कड़ा तथा 20 हजार नकदी चोरी कर ले गए। अगले दिन मंदिर पहुंचने पर मुख्य गेट के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर सामान की जांच की तो चोरी का पता चला। पुजारी की शिकायत पर थाना रानियां में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

ठेकेदार हत्या मामले में आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



सिरसा। आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

चोपटा क्षेत्र के गांव जमाल में सोलर प्लांट ठेकेदार की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने दो दिन तक शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया और अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे रहे। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि पुलिस की टीमें हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। उन्होंने बताया कि गांव जमाल में राजस्थान सीमा के समीप हैक्सा सन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड का सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। सोलर प्लांट में ठेकेदारी का काम करने वाला सुभाष चंद्र बीते मंगलवार को लांट में बैठा हुआ था। इसी दौरान दो-तीन युवक वहां पहुंचे और सुभाष चंद्र को गोली मारकर मौके से फरार हो गए।

कोई भी बख्शा नहीं जाएगा

पुलिस के अनुसार मृतक के पिता भादर राम की शिकायत पर मुख्य आरोपी राहुल सहित 10 अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर हत्या की वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका और हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि हत्याकांड में संलिप्त किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

एसआईआर नोटिस को लेकर शिविर में 1,315 लंबित मामलों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

कोई भी योग्य मतदाता न छूटे अभियान के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत जारी नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला सिरसा में वीरवार को लगाए गए विशेष शिविर के दौरान 1,315 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। तहसीलदार हनुमान दास ने बताया कि जिले में कुल 1,72,079 नोटिस जनरेट किए गए हैं, जिनमें से 17,391 सुनवाई मामले लंबित हैं। कुल लंबित मामलों का प्रतिशत 10.41 प्रतिशत है। निर्वाचन आयोग द्वारा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जा रही है तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित सुनवाई मामलों का शीघ्र निस्तारण करने, प्रभावी मॉनिटरिंग करने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नोटिस की सुनवाई समय पर पूरी करने के उद्देश्य से 9 अक्तूबर तक ऐसे मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही घर-घर सर्वे के दौरान उन मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जा रहे हैं, जिन्होंने नोटिस प्राप्त होने के बावजूद अभी तक अपने दस्तावेज जमा नहीं करवाए हैं।

लंबे बिजली कटों से ग्रामीण परेशान

- अलीका बिजली घर पर प्रदर्शन कर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया



रतिया। बिजली घर के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

क्षेत्र में लगातार लग रहे लंबे और अघोषित बिजली कटों के विरोध में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की अलीका कमेटी ने गुरुवार को अलीका बिजलीघर पर जमकर रोष प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों और किसानों ने बिजली निगम तथा हरियाणा सरकार के खिलाफ सख्त नाराजगी जताई और समस्या का जल्द समाधान न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे किसान नेता परविंदर अलीका ने कहा कि गांव अलीका और आसपास के क्षेत्रों में रोजाना लंबे-लंबे पावर कट लगाए जा रहे हैं, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां खेतों में सिंचाई के लिए किसानों को बिजली नहीं मिल पा रही है, वहीं दूसरी तरफ पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों और रोजाना मजदूरी करने वाले गरीब परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

डायमंड हार व कस्टम ड्यूटी के नाम पर 6 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- फतेहाबाद साइबर पुलिस ने सहारनपुर से दबोचा

डायमंड का हार भेजने और कस्टम ड्यूटी के नाम पर 6 लाख 100 रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने यूपी के सहारनपुर से तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि पकड़े गए तीसरे आरोपी की पहचान सहारनपुर जिले के गांव अम्बेहटा शेखां निवासी अश्विनी सिंह के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी के पास से ठगी की राशि में से 10 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। इस मामले में दो मुख्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि गांव भट्ट कलां निवासी राजेन्द्र ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, मई 2026 में उनकी बेटी के व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद का नाम रवि बताया और कहा कि वह भारत आ रहा है और उसने उसके लिए एक कीमती डायमंड का हार पार्सल से भेजा है।

टीम ने लीगल एड क्लीनिक पनिहारी और डिंग का किया औचक निरीक्षण

- लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ज्वाइंट मेंबर सेक्रेटरी मानविका यादव के नेतृत्व में टीम ने लीगल एड क्लीनिक पनिहारी और डिंग का औचक निरीक्षण किया। टीम में लॉ ऑफिसर अविनाश गुप्ता, श्रुति, विकास और मनोज शामिल रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बागोतिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान लीगल एड क्लीनिक की कार्यप्रणाली की जांच की गई। टीम ने क्लीनिक में उपलब्ध व्यवस्थाओं और कानूनी सहायता से संबंधित कार्यों का जायजा लिया तथा वहां मौजूद लोगों से भी बातचीत की। पात्र लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी दी। इस दौरान लॉ ऑफिसर अविनाश गुप्ता ने उपस्थित लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों, वृद्धजनों तथा ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नियमानुसार मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाती है।

सौर उर्जा — सोलर पंप से सिंचाई हुई किफायती, डीजल के खर्च से मिली बड़ी राहत

पीएम कुसुम योजना से किसान यशवीर की खेती की लागत हुई कम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



सिरसा। यशवीर ने सिंचाई के लिए खेत में लगवाया सोलर। *फोटो: हरिभूमि*

प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना किसानों के लिए सिंचाई की लागत कम करने और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई पंप उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, जिससे उन्हें डीजल और बिजली पर होने वाले खर्च से राहत मिल रही है। सिरसा के गांव लुदेसर के किसान यशवीर गाट के लिए भी यह योजना खेती को अधिक किफायती बनाने का माध्यम बनी है। 43 वर्षीय यशवीर गाट बीए और जेबीटी पास हैं तथा उनके पास पांच एकड़ जमीन है। वर्ष 2023 में उनके खेत में 10 एचपी की सोलर मोटर लगाई गई। इससे पहले वह खेतों की सिंचाई के लिए डीजल इंजन और जनरेटर पर निर्भर थे। सौर ऊर्जा आधारित पंप लगने के बाद उनके लिए सिंचाई का तरीका आसान होने के साथ-साथ खर्च भी काफी कम हुआ है।

गरूरत के अनुसार सिंचाई करना भी आसान

यशवीर गाट के अनुसार, पहले सिंचाई खेती की लागत बढ़ाने वाला एक बड़ा खर्च था, लेकिन सोलर पंप लगने के बाद यह खर्च काफी कम हो गया है। दिन के समय सौर ऊर्जा उपलब्ध होने से खेत की जरूरत के अनुसार सिंचाई करना भी आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए सरकार की यह योजना लाभदायक बन रही है और खेती के खर्चों को कम करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी लाभ पहुंचा रही है। सोलर पंप का रखरखाव का खर्च नहीं है। यह लंबी अवधि की बचत का हिस्सा है।

सौर ऊर्जा ने बदली सिंचाई की तस्वीर

यशवीर गाट बताते हैं कि सोलर कनेक्शन मिलने से पहले खेतों की सिंचाई के लिए डीजल इंजन और जनरेटर का इस्तेमाल करना पड़ता था। एक घंटे में करीब 10 लीटर डीजल खर्च हो जाता था। इसके अलावा डीजल इंजन की सर्विस और रखरखाव पर होने वाला खर्च अलग था। उन्होंने बताया कि हर बार सिंचाई से पहले डीजल की व्यवस्था करने और जनरेटर के रख-रखाव को लेकर चिंता रहती थी। वर्ष 2023 में खेत में 10 एचपी की सोलर मोटर लगने के बाद यशवीर गाट की सिंचाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया। अब वह सौर ऊर्जा की मदद से एक दिन में करीब दो एकड़ जमीन की सिंचाई कर लेते हैं। उन्हें डीजल खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती और जनरेटर चलाने से जुड़े खर्च से भी राहत मिली है।

विशेष : विश्व डाक दिवस, 9 अक्टूबर

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

दुनिया के कुछ अलग हटके पोस्ट ऑफिस

बच्चो, डाक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश में ही नहीं, विदेशों में भी डाक घरों यानी पोस्ट ऑफिस की ऐसी व्यवस्था की गई है, जो सबको आश्चर्यचकित करती है। कहीं डाकघर झील में तैरता है, तो कहीं समुद्र के नीचे स्थित है। कोई डाकघर बर्फीले पहाड़ों पर है, तो कहीं खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां। डाक घरों से जुड़ी ऐसी ही कुछ हैरान करने वाली जानकारी।



दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ डाकघर श्रीनगर, भारत

भारत में दुनिया का इकलौता तैरता हुआ डाकघर है। यह डाकघर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में खूबसूरत डल झील में एक विशाल हाउस बोट पर स्थित है। इसका उद्घाटन अगस्त 2011 में हुआ था। यह न केवल स्थानीय लोगों को डाक सेवाएं प्रदान करता है, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र भी है। इस डाकघर की मुहर भी खास है, जिस पर डल झील में शिकारा (नाव) चलाने वाले नाविक का चित्र बना होता है। *

दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर हिक्किम, भारत



हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिले में स्थित हिक्किम डाकघर समुद्र तल से 14,567 फीट (लगभग 4,440 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर है। अत्यधिक ऊंचाई और भारी बर्फबारी के बावजूद, यह डाकघर साल के अधिकांश समय चालू रहता है। यहां से दुनिया भर के पर्यटक अपने प्रियजनों को पोस्टकार्ड भेजते हैं, जिस पर गर्व से लिखा होता है 'दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से सादर।' *



दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस वानुअतु

प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा-सा द्वीप देश है वानुअतु। यहां दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस है। यह डाकघर समुद्र के अंदर लगभग 3 मीटर (10 फीट) की गहराई में स्थित है। यहां जाने के लिए पर्यटकों को स्कूबा डाइविंग या स्नॉर्कलिंग गियर पहनना पड़ता है। यहां विशेष रूप से बनाए गए वॉटरप्रूफ (जलरोधी) पोस्टकार्ड बेचे जाते हैं, जिन्हें पर्यटक पानी के अंदर जाकर पोस्ट बॉक्स में डालते हैं। डाक विभाग का गोताखोर रोजाना आकर इन पत्रों को इकट्ठा करता है। *

दुनिया का सबसे उत्तरी डाकघर स्वालबार्ड, नॉर्वे

उत्तरी ध्रुव के बेहद करीब स्थित देश नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप समूह के न्ये-ऑलेसुंड में आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे उत्तरी दिशा में डाकघर स्थित है। यह क्षेत्र अत्यधिक ठंडा है। यहां ध्रुवीय भालुओं का आतंक रहता है। यहां काम करने वाले डाक कर्मियों को न केवल डाक संभालनी होती है, बल्कि सुरक्षा के लिए राइफल चलाने की ट्रेनिंग भी लेनी पड़ती है। यहां से वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने देशों को पत्र भेजते हैं। *



अपनी तरह की बिल्कुल अनोखी खच्चर डाक सेवा



तकनीकी रूप से बेहद उन्नत देश अमेरिका में आज भी एक ऐसा इलाका है, जहां डाक पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है। एरिजोना के ग्रैंड कैनियन की गहराइयों में बसे सुपाइ गांव में 'हवासुपाई' जनजाति रहती है। यहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। इसलिए, अमेरिकी डाक सेवा आज भी हर हफ्ते खच्चरों के कारवां के जरिए यहां के लोगों तक पत्र, दवाइयां और जरूरी सामान पहुंचाती है। *

दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क भारतीय डाक सेवा



बच्चो, हमारे देश के डाक विभाग यानी भारतीय डाक विभाग के पास दुनिया का सबसे बड़ा और सघन डाक नेटवर्क है। वर्तमान में भारत में 1,55,000 से अधिक डाकघर हैं। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। भारत में औसतन एक डाकघर लगभग 21.23 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र और करीब 8,000 से अधिक लोगों की आबादी को सेवा प्रदान करता है। चीन या अमेरिका जैसे बड़े देश भी डाकघरों की संख्या के मामले में भारत के आस-पास नहीं ठहरते। *

बच्चो, फेस्टिवल सीजन शुरू हो रहा है। तुम जरूर इन त्योहारों का पूरा आनंद लेना चाहोगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दो। इस तैयारी में तुम्हारे कुछ ऐसे काम और प्रयास होने चाहिए, जिससे सबको खुशियां मिलें और तुम एक अच्छे-नेक इंसान कहलाओ।

त्योहारों की करो ऐसी तैयारी सबको मिले खुशियां

पर्व उमंग

अंजू जैन



बच्चो, त्योहार हमारे जीवन को उत्साह-उमंग से भरते हैं। त्योहार मौज-मस्ती के साथ-साथ हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। त्योहार हमें अपने परिवार से जोड़ते भी हैं। अब एक साथ कई त्योहारों की झड़ी लगने वाली है। इनका पूरा आनंद उठाने के लिए तुम्हें कुछ तैयारियां अभी से कर लेनी चाहिए, जानो ये तैयारी क्या हो सकती हैं?

अपने लोगों के साथ माइंडफुल प्रेजेंस: बच्चो, त्योहारों का असली मजा तब है, जब हम डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर अपने लोगों के साथ घुले-मिलें। इसलिए तुमको भी त्योहार के दिनों में अपना स्क्रीन टाइम कम करके अपने लोगों के साथ 'माइंडफुल प्रेजेंस' का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आभासी दुनिया से बाहर निकलकर, त्योहार के वास्तविक रंग में रंगना चाहिए। परिवार के संग त्योहार की खुशियां मनानी चाहिए। यही असली 'माइंडफुल प्रेजेंस' है।

पढ़ाई का एडवांस बैकअप है जरूरी: त्योहार के दिनों में पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है। समझदारी इसी में है कि तुम त्योहार शुरू होने के पहले से ही स्कूल के होमवर्क, असाइनमेंट और आने वाले वाले एग्जाम्स के सिलेबस को एडवांस में पूरा कर लो। यदि तुम ऐसा कर लेते हो, तो त्योहार के दिनों में तुम्हें पढ़ाई की चिंता नहीं सताएगी। तुम बिना किसी प्रेशर के फेस्टिवल को एंज्वॉय कर सकोगे।

मम्मी-पापा की करो मदद: त्योहारों में घर के बड़ों, विशेषकर माता-पिता पर बहुत सारी जिम्मेदारियों का बोझ रहता है। इस बार फेस्टिवल्स में तुम अपने मम्मी-पापा के कामों में उनकी मदद करो, जैसे अपनी किताबें और अन्य सामान को व्यवस्थित रखो। घर की सफाई के दौरान तुम अलमारियों को व्यवस्थित करो। आसपास की दुकानों से पूजन सामग्री या घरेलू सामान लाकर अपने मम्मी-पापा का काम कम कर सकते हो।

हैंडमेड ग्रीटिंग्स देकर करो विश: तुम अभी से कैनवास, वॉटरकलर या स्केच पेन की मदद से अपकमिंग फेस्टिवल्स के लिए कुछ ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर रख लो। ये कसर्ड्स जब तुम अपने फ्रेंड्स या रिलेटिव्स को दोगे तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा।

अपनाओ जीरो वेस्ट-जीरो पॉल्यूशन की नीति: दिवाली बीत जाने के बाद चारों तरफ पटाखों का कचरा और बची हुई सामग्रियां बिखरी दिखाई देती हैं। तुम अभी से संकल्प लो कि त्योहारों में प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का कम से कम इस्तेमाल करोगे। साथ ही त्योहारों के बाद सफाई करके सही ढंग से वेस्ट मैनेजमेंट करोगे। *

काइंडनेस बॉक्स से बांटो खुशियां



बच्चो, तुम अपने कमरे में एक 'काइंडनेस बॉक्स' बनाकर रख सकते हो। इसमें अपनी अच्छी स्थिति वाले पुराने खिलौने, ज्ञानवर्धक किताबें, कपड़े और अपनी पॉकेट मनी से बचाए गए कुछ पैसे अभी से इकट्ठा करना शुरू कर दो। त्योहार से एक-दो दिन पहले, अपने मम्मी-पापा, बड़े भाई-बहन या दोस्तों के साथ अनाथालय या झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों के पास जाकर इन्हें उपहार स्वरूप भेंट करो। इससे उन बच्चों को तो खुशी मिलेगी ही, तुम्हें भी खुशी और संतुष्टि मिलेगी।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्यारी-मीठी लोरियां

बच्चो, जब तुम छोटे थे, तो तुमने जरूर अपनी दादी मां या मम्मी से प्यारी-मीठी लोरियां सुनी होंगी। तुम्हारे लिए ऐसी ही मिठास भरी लोरियां लिखी हैं डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने, अपने लोरी संग्रह 'अम्मा की लोरी' में। इसमें कुल 12 लोरियां हैं। पहली लोरी में 'छोटी चिड़िया की बात है' तो दूसरी में चिड़िया को इसलिए बुलाया गया है कि उससे दोस्ती करनी है, जबकि बंदर को आने से रोका है। एक लोरी में गोल-मटोल चंदा की तरह मम्मी का चेहरा, पापा की आंखें, दादा का चश्मा, दादी की बिंदी, सबके सब गोल-मटोल होने की बात है। एक मजेदार लोरी में गिल्लो रानी बगिया में आकर 'कुट-कुट' का शोर करती है। मजा तो तब आता है, जब गिल्लो आकर बस्ते पर बैठ जाती है। एक मीठी लोरी में मम्मी, 'मछली जल की रानी है' पढ़ाती तो हैं, लेकिन मछली नहीं दिखने से बच्चे को हैरानी होती है। एक अन्य लोरी में भैया जी के सपने में दादा-दादी आएंगे तो साथ में तारे भी लाएंगे। एक लोरी में चिड़िया लगातार पानी बरसने से इसलिए उदास है कि वह कुछ भी खाने के लिए कहां से लाए, लेकिन इसी बीच मुन्नी ने कटोरे में भर खीर लाकर चिड़िया को दिया तो उसके साथ कौए की भी दावत हो गई। एक लोरी में तितली बिना रोक-टोक जहां देखो, वहां आती-जाती रहती है। यहां तक कि वह कक्षा में भी आ जाती है, मैम उसे कुछ न कहकर मुस्काती रहती हैं। दूसरी ओर एक लोरी में कौवे राजा का कांव-कांव का शोर यह बताता है कि घर में मेहमान आने वाले हैं। अम्मा-बाबा के आने की कल्पना से ही घर का पूरा वातावरण बदल जाता है। अंतिम लोरी में बिल्ली मौसी चुपके से आकर घर में घुसकर सारा दूध पी लेती है और फिर वहीं पर सो जाती है। संग्रह की हर लोरी तुम्हें खूब भाएगी, तुम इन्हें गाए बिना नहीं रहोगे। *



किताब : अम्मा की लोरी (लोरी संग्रह), **लेखिका :** डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, **मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान)



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

रिटर्न गिफ्ट

अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में उसकी हाउस हेल्पर का बेटा बल्लू भी आया था। अनन्या ने पार्टी में आए अपने सभी फ्रेंड्स को रिटर्न गिफ्ट दिया, लेकिन बल्लू को देने के लिए गिफ्ट नहीं बचा। तो क्या बल्लू खाली हाथ वापस चला गया? बच्चो पढ़ो, बहुत ही प्यारी-सी कहानी।



आज अनन्या का जन्मदिन है। उसकी मम्मी सुबह से तैयारी में लगी हुई हैं। वे इंतजार कर रही हैं अपनी हाउस हेल्पर मालती का। ताकि वह आकर घर के काम-काज में उनकी मदद कर दे।

मालती के आने पर मम्मी ने कहा, 'आज अनन्या का जन्मदिन है। हमने सारे हॉल में गुब्बारे लगा दिए हैं। अब तुम जल्दी से कमरे की सफाई कर दो। फूटे हुए गुब्बारे यहां-वहां बिखरे पड़े हैं।'

मालती झटपट काम में जुट गई। जब वह काम निपटा कर जाने लगी तो मम्मी ने कहा, 'आज शाम को अपने बेटे बल्लू को भी अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में लेकर आना।'

यह सुनकर मालती मुस्कुरा दी। मालती जब अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि बल्लू अपनी ड्राइंग की नोटबुक में बहुत सुंदर चित्र बना रहा था। मालती बोली, 'अरे वाह.. कितना सुंदर चित्र बनाया है।' उसने देखा कि चित्र में एक लड़की अपनी बर्थ डे का केक काटने के लिए खड़ी हुई है। पूरा हॉल गुब्बारों से सजा हुआ था।

मालती बल्लू से बोली, 'कमाल है! तुमने तो वह चित्र बना दिया, जो आज शाम को सच में होने वाला है।'

'वो कैसे?' बल्लू चौंका।

मां ने बल्लू को बताया, 'आज शाम को अनन्या की बर्थ-डे पार्टी है। उसकी मम्मी ने तुम्हें भी बुलाया है। वहां चलना है।'

बल्लू बर्थ-डे पार्टी का नाम सुनकर बहुत खुश हुआ। शाम को वह अपने सबसे अच्छे कपड़े पहन कर तैयार हो गया।

बल्लू शाम को समय पर अपनी मां के साथ अनन्या के घर पहुंच गया। पूरा हॉल बच्चों से भरा हुआ था। बल्लू भी मुस्कुराता हुआ अनन्या के पास आया। उसने बर्थ-डे गिफ्ट के रूप में अनन्या को कहानियों की एक किताब दी।

उधर मालती काम में जुट गई। उसकी मदद से सारी व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से हो गई थी। बल्लू ने बर्थ-डे पार्टी बहुत अच्छे से एंज्वॉय किया। डांस भी किया। केक खाया और टेस्टी नाश्ता और डिनर किया।

पार्टी के बाद अनन्या अपने हाथों से सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट दे रही थी। सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट देने के बाद अनन्या ने देखा कि रिटर्न गिफ्ट खत्म हो गए थे। बल्लू को अब तक रिटर्न गिफ्ट नहीं मिला था। अनन्या को लगा कि बल्लू को बहुत बुरा लगेगा। वह मम्मी के पास गई, उनसे रिटर्न गिफ्ट खत्म होने के बारे में बताया। मम्मी बोलीं, 'मैं बल्लू को बाद में दे दूंगी।'

'नहीं मम्मी...' बोलकर अनन्या बच्चों द्वारा लाए गिफ्ट्स में से चार डब्बे उठा लाई। 'अक्कड़ बक्कड़ बंबे बो' करके एक डब्बा चुन लिया। वह बल्लू को डब्बा देने ही वाली थी कि मम्मी बोलीं, 'देख तो लो... इसमें है क्या?'

अनन्या बोली, 'नहीं... देखूंगी, कहीं मन न बदल जाए।'


अनन्या की बात सुनकर मम्मी ने उसे शाबासी दी, मुस्कुराते हुए बोलीं, 'जाओ, दे दो बल्लू को रिटर्न गिफ्ट।'

यह सब बल्लू भी देख-सुन रहा था। वह बोला, 'दीदी, मैं बाद में ले लेता... आप अपना गिफ्ट मुझे क्यों दे रही हैं?' बल्लू के मना करने के बाद भी अनन्या ने उसे गिफ्ट का एक डब्बा थमा दिया। अनन्या ने बल्लू से गिफ्ट खोलकर देखने को कहा। उसने जब गिफ्ट खोला तो उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। यह तो वही रिमोट कंट्रोल वाली कार थी, जो कल उसने सपने में देखी थी! रिमोट कंट्रोल वाली कार अनन्या को भी बहुत पसंद थी, लेकिन यह तो वह रिटर्न गिफ्ट में बल्लू को दे चुकी थी।

मम्मी ने अनन्या का चेहरा पढ़ने की कोशिश की। अनन्या के चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वह पहले की तरह ही मुस्कुरा रही थी। उसे मुस्कुराता देख मम्मी के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। *

कविता

डॉ. करुणा पांडे



मदारी

डुग-डुग करता आया मदारी
मेरे घर के अंदर।।
छम-छम भालू नाच दिखाता
साथ में था एक बंदर।।
नाच दिखाता बंदर सुंदर
देख मदारी की लाठी।
अब ऐंठ मदारी बैठ गया,
थी मोटी सी कद काठी।।
बंदरिया ने लहंगा पहना
बंदर देख मुस्काया।।
हमने उसको केला फेंका,
लपक के उसने खाया।
सबसे पैसा बंदर मांगे
छूने पैर वह आया।
तभी वहां लंगूर ने आकर
बंदर को मार भगाया।।

जीके क्विज-226

1. एशियन गेम्स 2026 में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
2. एशियन गेम्स 2026 में नीरू ढांडा ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
3. एशियन गेम्स 2026 में पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?
4. अगले एशियन गेम्स 2030 का आयोजन कहां किया जाएगा?
5. वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे कब मनाया जाता है?
6. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
7. कनाडा की राजधानी का क्या नाम है?
8. पौधे अपना भोजन किस प्रक्रिया से बनाते हैं?
9. 'अर्थशास्त्र' के लेखक कौन थे?
10. भारत के प्रधानमंत्री को पद की शपथ कौन दिलाता है?



बच्चो, जीके क्विज-226 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-225 का उत्तर : 1. पोरबंदर (गुजरात), 2. 1915 ई., 3. गोपाल कृष्ण गोखले, 4. कस्तूरबा गांधी, 5. राजघाट (दिल्ली), 6. रवींद्रनाथ टैगोर, 7. साबरमती आश्रम, 8. दूसरा, 9. स्वर्ण पदक, 10. भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग)

जीके क्विज-225 का सही उत्तर देने वाले : हर्षिल-राजनांदगांव, सुषमा-रायपुर, रचित-बिलासपुर, नेहा-भोपाल, कशिश-बलौदा बाजार, आर्यन-रोहतक, जतिन-दिल्ली, रोहन-दुर्ग, तेजस-महासमुंद, हर्ष-बालोद, सुमित-झज्जर, विकास-हिसार

रंग भरो-212

रंग भरो-212 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आकांक्षी, सरगुजा



आशना, जांजगीर



डिपल, दुर्ग



त्रिशा, रायपुर



दिशा, बिलासपुर



रूबेन, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, जीतू-भोपाल, कुसुम-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रियंका-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राजेश-करनाल, शुभम-बिलासपुर, प्रिया-कोरबा

रंग भरो 213



बच्चो, यहां केला खाते हुए एक क्यूट-से मंकी का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बाली नगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

अवैध हथियार मामले में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

फतेहाबाद। अवैध पिस्तौल बरामदगी के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने मुख्य सप्लायर को काबू किया है। आरोपी की पहचान बब्बू पुत्र काला राम निवासी गांव नंगल के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना सदर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक शीशपाल सिंह ने बताया कि 18 जुलाई को पुलिस टीम ने गांव बलियाला से नंगल रोड पर भाखड़ा नहर पुल के नजदीक कार्रवाई करते हुए होशियार उर्फ डुगा निवासी गांव नंगल को काबू किया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ था। इस संबंध में रतिया पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

केबल चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। खेतों में लगी मोटरों की बिजली केबल चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से 227 फुट बिजली केबल तार बरामद की है। आरोपियों की पहचान कर्मवीर पुत्र रामकुमार तथा सुरेन्द्र कुमार पुत्र नफे सिंह निवासी गांव लाली के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शीशपाल सिंह ने बताया कि गांव लाली निवासी बजे सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 अक्टूबर की रात को अज्ञात व्यक्तियों ने गांव के खेतों में लगी किसानों की मोटरों से बिजली की केबल चोरी कर ली थी।

विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का दिया प्रशिक्षण

फतेहाबाद। राजकीय कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मानव सेवा एवं प्राथमिक उपचार में युवाओं की भूमिका विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंदर भुंबक ने की। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रवि हुड्डा ने विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में समय पर दिया गया प्राथमिक उपचार जीवनरक्षक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने युवाओं से सेवा-भाव, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करना मानव सेवा का महत्वपूर्ण स्वरूप है।प्रतिभागियों ने समाजहित में कार्य करने तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

छात्र से मोबाइल छीनने का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

रतिया। छात्र से मोबाइल फोन छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने तीसरे आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान हरपाल सिंह पुत्र भीरा राम निवासी गांव बीराबदी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रवीन ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित छात्र बताया था कि वह रतिया स्थित एक कोचिंग सेंटर में 12वीं कक्षा की ट्यूशन पढने आता था। 17 अगस्त को दोपहर करीब पौने तीन बजे वह महाराजा होटल के नजदीक से अपने कोचिंग सेंटर जा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक पीछे से आए और उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए।

गांव बिढाई खेड़ा में सेवा सेतु कैम्प आयोजित

फतेहाबाद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांव बिढाई खेड़ा के कम्युनिटी सेंटर में वीरवार को सेवा सेतु कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए, जिनके माध्यम से आमजन को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। कैम्प में परिवार पहचान पत्र, हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम, हरियाणा डेयरी विकास सहकारी, उद्यान विभाग, हरियाणा महिला विकास निगम, रोजगार विभाग, हरियाणा एग्रो कॉर्पोरेशन लिमिटेड, आयुष विभाग, सोलर सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए।

सीडीएलयू में राज्य स्तरीय निबंध लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

युवा शक्ति का देश की उन्नति में बड़ा योगदान: कुलपति

प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭|सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, वैचारिक क्षमता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक कार्यों का अवलोकन किया।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है और विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा को सही दिशा में चैनलाइज करते हुए उसका प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में ऊर्जा, उत्साह और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता को अपने लक्ष्य की प्राप्ति में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भी खिलाडिय़ों से प्रेरणा लेते हुए असफलताओं से निराश होने के बजाय उन्हें अपनी सफलता की सीढ़ी बनाना चाहिए। राजनीति विज्ञान विभाग के चेयरपर्सन प्रो. राजबीर सिंह दलाल ने कुलपति प्रो. विजय कुमार का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के उद्देश्यों एवं आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में लगभग 60 प्रतिभागियों तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में लगभग 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, रचनात्मक अभिव्यक्ति, समसामयिक मुद्दों की समझ तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में प्रो. गीता रानी, प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई, प्रो. राजकुमार, प्रो. वर्षा, डॉ. नीलम सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक तथा विभिन्न महाविद्यालयों से आए शिक्षक उपस्थित रहे।



सिरसा। निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए कुलपति। *फोटो : हरिभूमि*

स्वस्थ समाज के निर्माण में स्वास्थ्य जागरूकता जरूरी: रोहताश जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭|सिरसा

'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वीरवार को फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण पार्क में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा श्रम कल्याण एवं कर्मकार बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार तथा उप सिविल सर्जन डॉ. राजेश चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण, वरिष्ठ नागरिकों एवं बच्चों से जुड़े कार्यक्रम तथा नशामुक्ति जागरूकता सहित अनेक सेवा कार्य इसी अभियान का हिस्सा हैं। उन्होंने आमजन से शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। एलोपैथिक, होम्योपैथिक एवं फिजियोथेरेपी सेवाओं के साथ रक्त जांच, टीकाकरण, एक्स-रे और काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।



महिला कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का समापन, कमलदीप, कोमल व सानिया प्रथम

रतिया। शहीद देवेंद्र सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का समापन हो गया। कार्यस्र5म का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर परमजीत संधा की अध्यक्षता में हुआ, जबकि राजकीय कन्या महाविद्यालय रानियां से सहायक प्रोफेसर डॉ. रविंद्र कुमार ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। कार्यस्र5म में विशेष अतिथि डॉ. रविंद्र कुमार ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के अंतिम दिन छात्राओं ने गायन, हरियाणवी एकल नृत्य और पंजाबी एकल नृत्य स्पर्धाओं में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के मुकाबलों में गायन स्पर्धा में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा कमलदीप ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं हरियाणवी एकल नृत्य में बी.कॉम. तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल तथा पंजाबी एकल नृत्य में बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा सानिया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अंत में विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के नवनियुक्त सहायक प्रोफेसरों को भी स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की गई।

कंबाइन हार्वेस्टर से धान कटाई का समय संशोधित अब सुबह 9 से शाम 6 बजे तक ही होगी कटाई

फतेहाबाद। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. विवेक भारती ने खरीफ विपणन सीजन 2026-27 के दौरान कंबाइन हार्वेस्टर से धान की कटाई के समय में संशोधन किया है। संशोधित आदेश के अनुसार अब कंबाइन हार्वेस्टर से धान की कटाई सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक ही की जा सकेगी। शाम 6 बजे से अगले दिन सुबह 9 बजे तक कंबाइन हार्वेस्टर से धान की कटाई पर रोक रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि देर शाम, रात तथा सुबह के समय ओस एवं अधिक नमी की स्थिति में कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई करने पर धान में नमी निर्धारित खरीद सीमा से अधिक हो सकती है। इससे खरीद, सुखाने, हैंडलिंग व भंडारण में कठिनाई आने के साथ किसानों को आर्थिक नुकसान की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। आदेश के अनुसार खरीद केंद्रों पर धान के लिए निर्धारित अनुमत नमी सीमा वर्तमान में 17 प्रतिशत है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे उपयुक्त मौसम एवं खेत की स्थिति में पकी हुई धान की कटाई करवाएं तथा आवश्यकता होने पर मंडी में फसल लाने से पहले उसे उचित रूप से सुखाएं।

मंडियों में वाहनों की आवाजाही भी रहेगी नियंत्रित : प्रशासन ने मंडियों और खरीद केंद्रों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही को निर्धारित शेड्यूल, टोकन/गेट पास तथा संबंधित विभागों के निर्देशों के अनुसार नियंत्रित करने के भी निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय से पहले पहुंचने वाले वाहनों को, जहां ऐसी व्यवस्था लागू है, निर्धारित होल्डिंग/स्टेजिंग क्षेत्र में रखा जाएगा। किसी भी वाहन को सार्वजनिक मार्ग, मंडी के प्रवेश-निकास अथवा आपातकालीन रास्तों पर इस प्रकार खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी, जिससे यातायात बाधित हो।

कृषि विशेषज्ञ ने फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭|फतेहाबाद

फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा ग्राम सचिवालय गांव दमकोरा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विषय विशेषज्ञ डा. रामेश्वर दास ने की। इस दौरान किसानों को धान की पराली जलाने से होने वाले दुष्परिणामों, पर्यावरण एवं मिट्टी पर पडऩे वाले प्रतिकूल प्रभावों तथा पराली के वैज्ञानिक प्रबंधन के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विषय विशेषज्ञ डा. रामेश्वर दास ने किसानों को जागरूक करते हुए बताया धान की पराली जलाने से वातावरण में जहरीली गैसें और धुआं फैलता है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से केवल पर्यावरण ही प्रभावित नहीं होता, बल्कि खेत की मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी कम होती है। आग लगाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी कीट, सूक्ष्मजीव एवं अन्य जैविक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिसका सीधा असर आगामी फसलों की उत्पादकता पर पड़ता है।

ये रहे मौजूद
इस दौरान सहायक तकनीकी प्रबंधक रीतू भाटिया, पटवारी विनोद कुमार, नंबरदार संता लाल, नंबरदार सुखविंदर, किसान भीम सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

अमित बंसल बने चीफ एडवाइजर

फतेहाबाद। न्याय दिलाओ लोकतंत्र बचाओ संगठन की बैठक अनाज मंडी स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी कमल हांडा के दिशा निर्देश अनुसार आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान धर्मपाल चावला ने की, जबकि बैठक में विशेष अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ ने शिरकत की। बैठक के दौरान संगठन की आगामी रणनीतियों, भावी योजनाओं और सामाजिक गतिविधियों को गति देने के लिए विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में फतेहाबाद विधानसभा अध्यक्ष सतपाल बाजीगर और विधानसभा प्रभारी हरदीप सिंह की अनुशंसा पर संगठन का विस्तार करते हुए कई प्रमुख नियुक्तियां की गईं। इसके तहत युवा समाजसेवी अमित बंसल को संगठन का फतेहाबाद विधानसभा का चीफ एडवाइजर मनोनीत किया गया।



सेवानिवृत एसडीओ के निधन पर जताया शोक

भट्टूकलां। गांव शेखूपुर दड़ौली निवासी प्रमुख समाजसेवी एवं सरपंच सुमन भदरेचा के ससुर अमर सिंह भदरेचा, सेवानिवृत एसडीओ पंचायती राज विभाग के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया और परिवार को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। लोगों ने अमर सिंह भदरेचा के सामाजिक जीवन, सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक प्रकट करने वालों में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन का सम्मेलन आज

फतेहाबाद। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन का दो दिवसीय हरियाणा राज्य सम्मेलन 9 एवं 10 अक्टूबर को फतेहाबाद में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इस सम्मेलन मे मुख्य अतिथि के तौर पर सुप्रीम कोर्ट एवं दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक अग्रवाल भाग लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान एडवोकेट कमलेश वशिष्ट करेंगी। इस सम्मेलन में राज्य सचिव एडवोकेट कुलदीप राणा, एडवोकेट राजविन्द्र सिंह चंदी, एडवोकेट रणधीर सिंह पंचकूला, एडवोकेट सोमदत्त शर्मा सहित प्रदेशभर से अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता भी भाग लेंगे। यूनियन के राज्य उप प्रधान चंद्रमान एडवोकेट तथा जिला प्रधान कमलेश वशिष्ठ ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान संविधान, लोकतंत्र, न्यायपालिका की स्वतंत्रता एवं जवाबदेही, चुनावी संस्थाओं की पारदर्शिता, नागरिक अधिकारों और आम नागरिक तक सुलभ व सस्ते न्याय की पहुंच जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा न्याय में होने वाली देरी, अदालतों में लंबित मुकदमों की बढ़ती संख्या तथा न्यायिक व्यवस्था में संसाधनों की कमी जैसे प्रमुख मुद्दों को भी एजेंडे में शामिल किया गया है।

डीएवी पुलिस स्कूल में विद्यार्थी परिषद ने ली अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

खुशी बनीं हेड गर्ल तो आर्यन शर्मा को हेड बॉय का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭|फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य नव-निर्वाचित विद्यार्थी परिषद को नेतृत्व की जिम्मेदारियां सौंपना तथा विद्यार्थियों में अनुशासन, उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता, सहयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा जैसे मानवीय मूल्यों का विकास करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या महिमा तनेजा के मार्गदर्शन में नव-निर्वाचित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को उनके पद एवं दायित्व सौंपे गए। समारोह में कक्षा 12वीं की खुशी को हेड गर्ल, आर्यन शर्मा को हेड बॉय, कायशा को जूनियर हेड गर्ल, एकलव्य को जूनियर हेड बॉय, स्तुति को वाइस हेड गर्ल तथा वत्स को वाइस हेड बॉय नियुक्त किया गया। वहीं शिक्षा ने एक्टिविटीज प्रीफेक्ट तथा मोहित ने स्पोर्ट्स प्रीफेक्ट का दायित्व संभाला। इसके साथ ही विद्यालय के चारों सदनों की नई कार्यकारिणी ने भी पदभार ग्रहण किया। अर्जुन सदन की प्रीफेक्ट छवि, वाइस प्रीफेक्ट काव्या व जूनियर प्रीफेक्ट आकाशदीप बने। ध्रुव सदन में गर्विता को प्रीफेक्ट, यश शर्मा को वाइस प्रीफेक्ट व नव्या को जूनियर प्रीफेक्ट बनाया गया।

सत्र 2026-27 के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया



नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं

प्रधानाचार्या महिमा तनेजा ने नव-नियुक्त छात्र-नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, सेवा और अनुकरणीय आचरण का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को एक सच्चा नेता बनकर अनुशासित रहने और दूसरों को प्रेरित करने का आह्वान किया।

आदर्शों को बनाए रखने की शपथ ली

एकलव्य सदन की प्रीफेक्ट पलकिन, वाइस प्रीफेक्ट अक्षि व जूनियर प्रीफेक्ट हिमानी चुनी गई। श्रवण सदन की कमान प्रीफेक्ट जैस्मिन, वाइस प्रीफेक्ट गुनिका व जूनियर प्रीफेक्ट नन्दनी को सौंपी गई। समारोह के दौरान हेड बॉय एवं हेड गर्ल के नेतृत्व में पूरी विद्यार्थी परिषद ने विद्यालय के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, अनुशासन और पूर्ण समर्पण के साथ निर्वहन करने तथा विद्यालय के आदर्शों को बनाए रखने की शपथ ली।

न्यूज डायरी



सड़कों से आवारा गोवंश पकडकर नंदीशाला पहुंचाए

भूना। शहर की सडकों पर आवारा घूम रहे गोवंश के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए नगर पालिका ने अभियान शुरू किया है। नगर पालिका कर्मचारियों ने कार्रवाई करते हुए पहले दिन आठ आवारा गोवंश को पकडकर श्री कृष्ण प्रणामी नगर पालिका नंदीशाला भूना में पहुंचाया। नगर पालिका चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा के दिशा-निर्देश पर कर्मचारियों की टीम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में घूम रहे गोवंश को सडकों से हटाया। कर्मचारियों ने गोवंश को पकडकर सुरक्षित तरीके से नंदीशाला पहुंचाया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और वाहन चालकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। विशेषकर रात के समय सडकों पर बैठे गोवंश वाहन चालकों के लिए अधिक परेशानी का कारण बनते हैं। नगर पालिका की इस कार्रवाई से शहरवासियों ने भी राहत की उम्मीद जताई है। लोगों का कहना है कि सडकों से गोवंश को हटाकर नंदीशाला में पहुंचाने से दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।



हिसार मंडलायुक्त ने किया लघु सचिवालय का निरीक्षण

फतेहाबाद। हिसार मंडल की मंडलायुक्त गीता भारती ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शाखाओं में चल रहे कार्यों, रिकॉर्ड के रख-रखाव, फाइलों के निपटान तथा कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीसी डॉ. विवेक भारती एवं एसडीएम राजेश कुमार उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त गीता भारती ने विभिन्न शाखाओं में लंबित फाइलों एवं मामलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से फाइलें लंबित न रहें तथा निर्धारित समयावधि में मामलों का निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यालय रिकॉर्ड को व्यवस्थित एवं अपडेटेड रखने पर जोर दिया। मंडलायुक्त ने विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली तथा रिकॉर्ड प्रबंधन का भी जायजा लिया।



व्रतों के मास खमण के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

सिरसा। भगवान महावीर जैन चैरिटेबल ट्रस्ट सी ब्लॉक की ओर से जैन समाज के लिए आस्था एवं तपस्या से जुड़े विशेष अवसर पर तपस्वी हितेन जैन द्वारा किए जा रहे 31 दिवसीय तप के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जैन स्थानक में श्रद्धालुओं की ओर से तपस्वी का अभिनंदन करते हुए धार्मिक रस्में निभाई गई। दादावाड़ी प्रधान चंद्रयश जैन व प्रधान संदीप जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि व्रतों के मास खमण के उपलक्ष्य में धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को धर्म एवं आध्यात्मिकता से जोडना तथा समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर प्रधान संदीप जैन, अशोक जैन सचिव, बजरंग दास, विनोद कुमार जैन कुहाड़, चंदन जैन लीगा, ललित जैन, मनोहर लाल जैन, रमेश जैन, मनोज जैन, शिव जैन, डब्बू जैन, देवेंद्र जैन, राजेश जैन, महिला मंडल प्रधान मोनिका जैन, सौरभ जैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।



छात्रों ने भारतीय वायु सेना का इतिहास प्रस्तुत किया

फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में भारतीय वायु सेना दिवस के अवसर पर कक्षा चतुर्थ 'रोज' के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस, शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण से परिचित करवाना रहा। सभा का शुभारंभ मनकीरत द्वारा मंच संचालन के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास और देश की सुरक्षा में वायु सैनिकों की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रस्तुत किया। सभा के अंत में रवनीत, कियाना और कुंजकीरत ने जोशीले देशभक्ति नारों के माध्यम से वातावरण को देशप्रेम की भावना से भर दिया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी को हमारे वीर वायु सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता से भर दिया। प्रधानाचार्या ऋतु सिंधु ने विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे वायु योद्धा अपने साहस, अनुशासन और समर्पण से देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं।



श्रीकृष्ण रुकमणि विवाह में जमकर झूमे श्रद्धालु

सिरसा। शहर के कांडा कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा में वीरवार को कथावाचक आचार्य आशीष वशिष्ठ ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का दिव्य एवं मनमोहक प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बारात का सुंदर वर्णन किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का स्वागत किया। विवाह प्रसंग के अवसर पर विशेष रूप से सजाए गए मंच पर भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहा। कथावाचक ने कहा कि रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं और उन्होंने भगवान को पत्र लिखकर अपने हृदय की बात बताई। भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी की पुकार स्वीकार करते हुए उन्हें विदर्भ से अपने साथ ले जाकर विवाह किया। इस मौके पर डॉ. कृष्ण वर्मा, योगेश मेहता, शंटी अरोड़ा, मास्टर कालूराम, साजन ग्रोवर, साधुराम बंसल, सुमित खुराना, विनोद गुप्ता, नरेश शर्मा, नरेंद्र सोनी सहित समस्त कांडा कॉलोनी निवासी उपस्थित थे।



मजदूरी में कटौती बंद करने की मांग, सौंपा मांगपत्र

भूना। मजदूर वेलफेयर एसोसिएशन ने वीरवार को एसोसिएशन नेता मंगल सिंह के नेतृत्व में मार्केट कमेटी के सचिव ईश्वर सिंह ढाका को मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में मंडी में कार्यरत मजदूरों के हितों और मजदूरी से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। एसोसिएशन ने अपनी दो प्रमुख मांगें रखी हैं। पहली मांग में कहा गया है कि मंडी मजदूरों की मजदूरी सीधे मजदूरों को दी जाए। वर्तमान में मजदूरों द्वारा किए जाने वाले कार्य की मजदूरी शेलर व आढ़ती मालिकों के माध्यम से दी जा रही है, जिसमें कटौती और बिचौलियागिरी की शिकायतें आ रही हैं। एसोसिएशन ने मांग की है कि पूरी मजदूरी बिना किसी कटौती के सीधे संबंधित मजदूरों को दिलवाई जाए। दूसरी मांग धान की तुलाई को लेकर है। एसोसिएशन का कहना है कि मंडी में आने वाला धान पहले मंडी में ही पूरा तौल करवाकर आगे भेजा जाए। धान को बिना तुलाई के कच्ची बरतियों और कट्टों के हिसाब से आगे न भेजा जाए। ऐसा करने से मजदूरों के काम और मजदूरी में पारदर्शिता बनी रहेगी और किसान व मजदूर दोनों के हित सुरक्षित रहेंगे।

खबर संक्षेप

चौपटा व कालांवाली में विशेष कैंप 13 को

सिरसा। सेवा संकल्प अभियान के तहत 13 अक्टूबर को बीडीपीओ कार्यालय खंड नाथूसरी चौपटा तथा नगर पालिका कालांवाली में कैंप आयोजित होगा। 14 अक्टूबर को खंड नाथूसरी चौपटा के गांव जमाल तथा 15 अक्टूबर को खंड नाथूसरी चौपटा के गांव डिंग में सेवा सेतु अभियान कैंप लगाया जाएगा। इन कैंपों में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाकर आमजन को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

हरियाणा सिविल पेंर्ग्स की मासिक बैठक 10 को

फतेहाबाद। हरियाणा सिविल पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 10 अक्टूबर शनिवार सायं 4:30 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पैंशनर्ज की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी।

बिजली बिल न भरने वालों के कटेंगे मीटर

रतिया। बिजली बिलों की बकाया राशि की रिकवरी को लेकर बिजली विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। शहरी एसडीओ सुनील कंबोज ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर बकाया बिलों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। एसडीओ ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल दो हजार रुपये से अधिक बकाया हैं और वे भुगतान नहीं कर रहे हैं, ऐसे कनेक्शनों पर विभागीय नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और मीटर काटे जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों को बकाया बिलों की सूची के आधार पर कार्रवाई करते हुए रिकवरी अभियान लगातार जारी रखने के निर्देश दिए।

अनाज मंडी में धान चोरी करता युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। नई अनाज मंडी टोहाना में किसान की धान की फसल चोरी करने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जितेंद्र पुत्र फतेह सिंह निवासी गांव कालवन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि किसान शिव कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

सट्टा खाईवाली करते आरोपी को पकड़ा

फतेहाबाद। थाना जाखल पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3,050 रुपये की नकदी सामग्री बरामद की है। आरोपी की पहचान रविन्द्र कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी गांव गोविंदपुरा, जिला मानसा के रूप में हुई है। वह अब गुरुद्वारा बस्ती, जाखल में रहता है। थाना प्रभारी बलराज ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि पंचायत भवन जाखल के नजदीक गली के कोने पर एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है।

शहीद भगत सिंह स्टेडियम में सम्मान समारोह आयोजित

एशियन गेम्स पदक विजेता सविता और राजिंदर का जोरदार स्वागत

■ खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों की उपलब्धि को जमकर सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। एशियन गेम्स पदक विजेता पद्मश्री सविता पूनिया व राजिंदर सिंह का अभिनंदन करते। फोटो : हरिभूमि

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी ओलंपियन पद्मश्री सविता पूनिया व राजिंदर सिंह के सम्मान में जिला प्रशासन व खेल विभाग की ओर से स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दोनों खिलाड़ियों के यहां पहुंचने पर उनका पुष्प वर्षा कर उनका भव्य अभिनंदन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल व अन्य गणमान्य ने दोनों खिलाड़ियों के साथ पहुंचे उनके परिजनों का भी सम्मान किया।

सम्मान समारोह में पद्मश्री सविता पूनिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावक बच्चों पर भरोसा कर खेलों के साथ जोड़ते हैं। बच्चों को भी समपर्ण के साथ खेल से जुडऩा होगा। लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनके खेल करियर में उनके पिता का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि कई बार चोटिल भी हुई, लेकिन हर बार नये विश्वास के साथ मैदान में उतरी। यह उनका चौथा एशियाई गेम था। पूरी टीम जीत के लिए मैदान में उतरी और गोल्ड मेडल लेकर लौटी। मुकाबला कठिन था, लेकिन हौसले के दम पर आगे बढ़े और स्वर्ण पदक जीतने में कामयाब हुए।

वहीं स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी राजिंदर सिंह ने संबोधन में कहा कि प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही उनका जुड़ाव हॉकी की ओर हो गया था। उनके गांव में एक संस्था की ओर से हॉकी नर्सरी संचालित की जा रही है, जिसमें उन्हें खेलने का मौका मिला। स्कूल स्तर पर ही उन्होंने हॉकी खेल को करियर बनाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो ओलंपिक में हम ब्रांज मेडल ला रहे है। इस बार हमारी कोशिश रहेगी कि मेडल का कलर बदल दें। गौरतलब है कि जापान में हुए एशियन गेम में भारतीय महिला व पुरुष हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीता है।

अभिनंदन समारोह में डा. बलदेव सिंह कोच, सविता पुनिया के पिता महेंद्र सिंह, खिलाड़ी राजिंदर सिंह के चाचा सतनाम सिंह, जिला खेल अधिकारी सीमा छोक्कर ने भी संबोधित किया। समारोह में सीएमजीजीए पूर्व रोहिला, राजिंदर सिंह के भाई संदीप सिंह, चाची हरदेश कौर, कोच सुनीला, शंकर सैनी, रणजीत, हरजिंदर, सुरेंद्रजीत, सूरज, खजान व अन्य मौजूद रहे।

सविता पुनियां की उपब्धियां

- 2026 - एशियन गेम्स - गोल्ड मेडलिस्ट
- 2026 - सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी
- 321 सीनियर इंटरनेशनल मैच
- 2023 - हांगझोउ एशियन गेम्स- ब्रॉन्ज मेडल
- 2022 - कॉमनवेल्थ गेम्स- ब्रॉन्ज मेडल
- 2017 - वुमेन्स एशिया कप - गोल्ड मेडल
- 2020-21, 2021-22, 2022-23 - लगातार 3 बार एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर
- 2024 - पद्म श्री अवार्ड

राजिंदर सिंह की उपलब्धियां

- 2022 - सुल्तान ऑफ जोहोर कप - गोल्ड मेडल
- 2023 - मेन्स जूनियर एशिया कप - गोल्ड मेडल
- 2023 - सुल्तान ऑफ जोहोर कप - ब्रॉन्ज मेडल
- 2023 - एफआईएच जूनियर विश्व कप -चौथा स्थान
- 2024 - जर्मनी के खिलाफ सीनियर भारतीय टीम में डेब्यू
- 2026 - एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप में चयन
- 2026 - एशियन गेम्स - गोल्ड मेडलिस्ट

एसआईआर : 105186 मतदताओं को नोटिस, 101297 की सुनवाई पूरी

फतेहाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। इस प्रक्रिया में जिन मतदाताओं को नोटिस भेजे गये थे उनकी सुनवाई जारी है तथा ऐसे मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करके इनका निपटान किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार लंबित नोटिस के समयबद्ध निस्तारण के लिए 7 से 10 अक्टूबर तक मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं तथा बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर भी मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर रहें हैं। जिला में कुल 105186 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से 101297 यानि 96.30 प्रतिशत मतदाताओं की सुनवाई हो चुकी है तथा 3889 मतदाताओं की सुनवाई लंबित हैं।

टोहाना में ये स्थिति

टोहाना विधानसभा में 30201 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए है जिनमें से 29646 की सुनवाई हो चुकी जबकि 555 यानि 1.84 प्रतिशत मतदाताओं की सुनवाई लंबित है। इसी प्रकार से फतेहाबाद विधानसभा में 44524 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए है जिनमें से 42756 मतदाताओं की सुनवाई हो चुकी है जबकि 1768 यानि 3.97 प्रतिशत मतदाताओं की सुनवाई लंबित है। रतिया विधानसभा में 30461 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए है जिनमें से 28895 मतदाताओं की सुनवाई हो चुकी है जबकि 1566 यानि 5.14 प्रतिशत मतदाताओं की सुनवाई लंबित है।

मतदाताओं से दस्तावेज जमा करवाने की अपील



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने जिला के मतदाताओं से अपील की है कि जिन नोटिस प्राप्त मतदाताओं ने आवश्यक दस्तावेज जमा नही करवाए हैं, वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं तथा अपने दस्तावेज बूथ लेवल अधिकारी को जमा करवाएं ताकि सभी योग्य मतदाताओं के नाम 6 नवंबर, 2026 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल हो सके।

स्कूटी सवार तीन लोग हेरोइन सहित गिरफ्तार

सिरसा। सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान मलड़ी नहर पुल रोड़ी क्षेत्र से स्कूटी सवार तीन लोगों को 7 ग्राम 36 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान मलड़ी नहर पुल रोड़ी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से स्कूटी सवार तीन लोग आते दिखाई दिए जो पुलिस को देखकर वापस मोडक़र वहां से निकलने का प्रयास करने लगे। शक के आधार पर पुलिस टीम ने स्कूटी सवार लोगों को काबू कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 7 ग्राम 36 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान बलजिंद्र सिंह, कुलंवत सिंह व कुशाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना रोड़ी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

इंडिया गठबंधन ने लाल बत्ती चौक पर सीईसी ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका

■ चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। प्रदर्शन कर सीईसी का पुतला फूंकते इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता।

जिला कांग्रेस कमेटी फतेहाबाद द्वारा डॉ. अंबेडकर पार्क में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी एवं बर्खास्तगी की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद इंडिया गठबंधन से जुड़ी पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने लाल बत्ती चौक पहुंचकर ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा, संविधान की मजबूती तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में काफी संख्या में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरविंद शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी एवं विधायक शीशपाल केहरवाला, फतेहाबाद विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह एवं निशान सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रदर्शन में सीपीएम के जिला सचिव जगतार सिंह, सीपीएम के रामकुमार बहालपुरिया, सीपीएम एल के गुरप्रीत सिंह गोपी, पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के स्टेट प्रेसिडेंट मनदीप सिंह नथवान सहित अन्य मौजूद रहे।

पिकअप से टकराई बाइक, एक की मौत तीन लोग घायल

फतेहाबाद। शहर के बीघड़ रोड पर डीएवी स्कूल के पास बुधवार रात एक सडक़ हादसा हो गया। इस हादसे में पंजाब के मानसा जिले के बरेटा निवासी लगभग 50 वर्षीय सुखविंदर की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, बरेटा पंजाब निवासी बलराज, सुखविंदर, कुलदीप व एक अन्य बाइक पर सवार होकर फतेहाबाद के बीघड़ रोड पर आए थे। यहां वे बलराज की बहन से मिलकर रात को वे बाइक पर वापस बरेटा जाने लगे। इसी दौरान बीघड़ रोड पर बाइक की पिकअप गाड़ी से टक्कर हो गई।

कांग्रेस ने वोट चोरी को लेकर किया प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

■ वरिष्ठ नेता बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंकते कांग्रेसी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी एवं बर्खास्तगी की मांग को लेकर कांग्रेस ने वीरवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस भवन से शुरू होकर रोष मार्च सुरखाब चौक पहुंचा और यहां पर कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से मुख्य चुनाव आयुक्त आम आदमी के वोट देने के अधिकार को छीन रही है जो प्रजातंत्र व देश की आजादी के लिए एक गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस के साथ-साथ युवा, किसान व कर्मचारी भी इक_ा होकर सरकार के खिलाफ देश के हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। आज देश संवैधानिक संस्थाओं को बचाने के लिए जहां कांग्रेस व उसके कार्यकर्ता इक_ा हो रहे हैं, वहीं जनता भी कांग्रेस का समर्थन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के माध्यम से सही वोटरों के अधिकारों को छीना है, जो पश्चिम बंगाल के चुनावों में प्रमाणित हो चुका है।

एसडीएम ने शहर का किया निरीक्षण अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



रतिया। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने रतिया शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि दुकानों के आगे सामान रखकर सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण न करें तथा शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कचरा खुले में न डालें और निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो दुकानदार बार-बार समझाने के बावजूद सार्वजनिक रास्तों पर सामान रखकर अतिक्रमण करते हैं, उनके सामान को नियमानुसार जब्त करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने घग्गर नदी क्षेत्र का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। घग्गर नदी पुल के पास 6 अक्टूबर को हुए सडक हादसे को देखते हुए एसडीएम ने पुल एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस का छात्राओं से सीधा संवाद, नशे से दूर रहने, साइबर ठगी से सतर्क रहने का आह्वान

■ सदर थाना प्रभारी सीमा सोढी ने किया छात्राओं का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा बारे जानकारी देते सीमा सोढ़ी। फोटो : हरिभूमि

सदर थाना प्रभारी सीमा सोढी ने वीरवार को रानियां के गवर्नमेंट कॉलेज में छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को समाज से नशे को जड़ से खत्म करने के लिए एकजुट होकर काम करने की शपथ भी दिलाई गई। इंस्पेक्टर सीमा सोढ़ी ने छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति की जिंदगी खराब नहीं करता, बल्कि धीरे-धीरे पूरे परिवार और समाज को भी खोखला कर देता है। युवा देश और समाज की ताकत हैं। अगर युवा नशे से दूर रहेंगे तो समाज को सही दिशा मिलेगी। उन्होंने छात्राओं से खुद नशे से दूर रहने के साथ अपने दोस्तों, परिचितों और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने का आह्वान किया। थाना प्रभारी ने कहा कि गांव या शहर में यदि कोई व्यक्ति नशीले पदार्थ बेचता है या युवाओं को नशे की ओर धकेलने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। नशा बेचकर युवाओं का भविष्य खराब करने वालों को किसी भी सूरत में बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए।

ब्लॉक स्तरीय योग प्रतियोगिता में संस्कार योग केंद्र का शानदार प्रदर्शन



चोपटा। दड़बा कलां स्कूल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में योगा नर्सरी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न योग स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-11 वर्ग की योग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। ट्रेडिशनल इवेंट में शानवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लयबद्ध जोड़ी स्पर्धा में दिव्यांका एवं दीपांशी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा आर्टिस्टिक जोड़ी में शानवी एवं दिव्यांका की जोड़ी ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर संस्कार योग केंद्र के संचालक हरजीराम और योगा नर्सरी के संचालन कोच ममता जाखड़ ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

रक्षा मंत्रालय की टीम ने किया सैनिक स्कूल खारा खेड़ी का निरीक्षण

फतेहाबाद। सैनिक स्कूल सोसाइटी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सैनिक स्कूल कुंजपुरा की उपप्रधानाचार्या लेफ्टिनेंट कर्नल शैलजा डोगरा ने दो अन्य अधिकारियों की एक टीम के साथ सैनिक स्कूल खारा खेड़ी का त्रैमासिक निरीक्षण किया। स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना एवं स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य द्वारा स्कूल पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। स्कूल कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा द्वारा स्कूल की गतिविधियों के बारे में उन्हें पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इसके बाद अधिकारियों की टीम ने स्कूल के विभिन्न हिस्सों जैसे शैक्षणिक ब्लॉक, प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण क्षेत्रों, छात्रावासों और कैडेट्स मैस आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल शैलजा डोगरा ने न्यू सैनिक स्कूल द्वारा अपने अल्पकालीन अस्तित्व में शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सभी क्षेत्रों में प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रगति की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

चालक-परिचालक से मारपीट को लेकर सांझा मोर्चा ने महाप्रबंधक को दी शिकायत



सिरसा। कालांवाली रूट पर रोडवेज बस में बीती 6 अक्तूबर को कार्यरत चालक संदीप कुमार के साथ कुछ शरारती तत्वों द्वारा मारपीट किए जाने के विरोध में सांझा मोर्चा ने वीरवार को रोडवेज महाप्रबंधक को लिखित में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। चमनलाल स्वामी महासचिव, सुरेंद्र सिंह सचिव, रामचंद्र झोरड़, हरदयाल चालक, रमन परिचालक, मोहित, सुरजीत चालक, गोरीशंकर, नरेश परिचालक, पूर्णमल यार्ड मास्टर ने बताया कि सांझा मोर्चा के संज्ञान में आया है कि बीती 6 अक्तूबर को चालक संदीप कुमार जोकि कालांवाली रूट पर कार्यरत था, के साथ कुछ शरारती तत्वों द्वारा चालक परिचालक की मारपीट की गई। इसके संज्ञान में सांझा मोर्चा द्वारा बडागुढ़ा थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है और इसके साथ-साथ सांझा मोर्चा ने महाप्रबंधक को भी लिखित में शिकायत दी है। सांझा मोर्चा की मांग है कि मारपीट करने वालों को समय रहते गिरफ्तार करके सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, अन्यथा सांझा मोर्चा मीटिंग करके आगे कड़ा फैसला ले सकता है।

एशियन मास्टर स्विमिंग चैंपियनशिप में 100 मीटर बैकस्ट्रोक में पदक, मलेशिया में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए चयन

70 साल की उम्र में भी पानी में रफ्तार कैप्टन गुगन सिंह ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



कैप्टन गुगन सिंह को मेडल भेंट करते।

उम्र के इस पड़ाव पर जब अधिकांश लोग खेलों से दूरी बना लेते हैं, वहीं शाह सतनाम जी बॉयज शिक्षण संस्थान के पूर्व स्विमिंग प्रशिक्षक एवं इंडियन आर्मी से रिटायर्ड 70 वर्षीय कैप्टन गुगन सिंह ने अपनी फिटनेस और जज्बे का शानदार उदाहरण पेश किया है। उन्होंने बेंगलुरु में चल रही द्वितीय एशियन मास्टर स्विमिंग चैंपियनशिप-2026 में 70 से 74 आयु वर्ग की 100 मीटर बैक स्ट्रोक स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता। प्रतियोगिता में 2200 से अधिक तैराक हिस्सा ले रहे हैं। शुक्रवार को उनका 200 मीटर बैक स्ट्रोक इवेंट भी होगा। उनकी शानदार उपलब्धि पर शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थान के प्रशासक चरणजीत सिंह सहित सभी शिक्षण संस्थानों के प्रिंसीपल, स्टाफ सदस्यों व खिलाडिय़ों ने उन्हें बधाई दी।

आर्मी में हजारों जवानों को दी गन शूटिंग की ट्रेनिंग

कैप्टन गुगन सिंह इंडियन आर्मी की राजपूत रेजिमेंट में गन शूटिंग कोच रहे हैं। उन्होंने हजारों सैनिकों को गन शूटिंग का प्रशिक्षण दिया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उन्होंने तीन पदक हासिल किए, जिसके बाद उनका चयन एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ। वे इंडियन आर्मी में स्विमिंग कोच की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। बाद में वे ऑनरेरी कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हुए।

शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल में 21 साल दी सेवाएं

सेवानिवृत्ति के बाद भी कैप्टन गुगन सिंह इन्सां का खेलों से जुडाव जारी रहा। उन्होंने वर्ष 2004 से 2025 तक शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल में स्विमिंग कोच के रूप में सेवाएं दीं। उनके प्रशिक्षण में तैयार हुए विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं। एशियन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन 21 नवंबर से मलेशिया में होने वाले स्विमिंग मास्टर्स वर्ल्ड कप के लिए भी हुआ है। कैप्टन गुगन सिंह ने अपनी उपलब्धि का श्रेय डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और निरंतर अभ्यास को दिया।